भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

Siachen Base Camp में संबोधन

सियाचिन, 26 सितम्बर, 2024

आप सभी जवानों और अधिकारियों से यहां आकर मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो रही है। मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी का अनुभव कर रही हूं।

तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर विशेष गर्व का अनुभव हो रहा है। सभी देशवासी, आप सब की बहादुरी को सलाम करते हैं। मैं सभी देशवासियों की ओर से आप सबके लिए विशेष सम्मान व्यक्त करती हूं।

कुछ देर पहले मुझे Martyr's Memorial में श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर मिला। भारत-माता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले सभी बहादुर Siachen Warriors की पावन स्मृति को मैं सादर नमन करती हूं।

देश के इस अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र की रक्षा के लिए Operation Meghdoot की शुरुआत आज से लगभग 40 वर्ष पहले अप्रैल, 1984 में हुई थी। तब से लेकर आज तक भारतीय सेनाओं के बहादुर जवानों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। आप सब की तथा आपके पूर्ववर्ती अधिकारियों और जवानों की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है।

आप सब severe weather conditions का सामना करते हैं। भारी बर्फबारी और minus 50 degrees temperature जैसी विकट स्थितियों में आप सब अपने मोर्चे पर पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ तैनात रहते हैं। मातृ-भूमि की रक्षा के लिए आप सब त्याग और सहनशीलता के असाधारण उदाहरण प्रस्तुत

करते हैं। मैं आप से यह कहना चाहती हूं कि सभी देशवासी आप सबके त्याग और शौर्य के बारे में सचेत हैं। पूरा देश आप सब का सम्मान करता है। सभी भारतवासियों की शुभकामनाएं आप सब के साथ हैं।

आप सब अपने परिवार-जनों से दूर रहते हैं। देशवासियों की रक्षा के लिए आप सब तथा आपके परिवारों के लोग तपस्या करते हैं। मैं आप सब के परिवार-जनों को सभी देशवासियों की ओर से हृदय से धन्यवाद देती हूं।

मातृ-भूमि की रक्षा के गौरवशाली कर्तव्य को आप दृढ़ता-पूर्वक निभाते हैं। मेरी प्रार्थना है कि आप सभी स्वस्थ रहें और आप सब के परिवार-जन सानंद रहें।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!